जनता से रिश्ता
www.jantaserishta.com

नकली नोट छपने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 2 सदस्य गिरफ्तार



Moradabad: मुरादाबाद। पुलिस को लगातार नकली नोटों के बारे में सूचना मिल रही थी कि नकली नोट बाजार में खपाए जा रहे हैं पुलिस नकली नोट बनाने व चलाने वालों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी, पुलिस को आज बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरोह दिल्ली रोड स्थित नया मुरादाबाद के एक मकान में नकली नोट छाप रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर बिलाल और सलमान नामक दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया और उनके पास से 28,300 रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने पहले ही नकली नोटों की एक बड़ी मात्रा बाजार में खपा दी थी और दीपावली के दौरान और अधिक नकली नोट फैलाने की योजना बना रहे थे।

**Source:** https://jantaserishta.com/national/breaking-gang-printing-fake-notes-busted-2-members-arrested-3598531